जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 08.04.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08.04.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अधोहस्ताक्षरी के साथ सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से QA/QC उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रगति विवरण पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया, कि जनपद में कुल 135 योजनाएं ऐसी हैं जिनके ओवरहेड टैंक की प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के बीच है। माह मार्च 2026 की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया था कि अधिक से अधिक योजनाओं के ओवरहेड टैंक का कार्य करते हुए करते हुए 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में ले जाया जाए जिसके अनुक्रम में मात्र 08 योजनाएं ही 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में ले जायी गई हैं जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवशेष 135 योजनाओं को 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में शीघ्र ही ले जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

2. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आई.जी.आर.एस. का विवरण पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया की माह मार्च 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल निगम जल निगम (ग्रामीण) से संबंधित कुल 1830 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें से 547 शिकायतें पाइपलाइन लीकेज तथा 716 शिकायतें जलापूर्ति से संबंधित पायी गयी जबकि प्रतिमाह आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देशित किया जाता रहा है कि उक्त पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए परंतु उपलब्ध आंकड़ों से यह प्रतीत होता है कि जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के विरुद्ध शिकायतों को न्यूनतम करने में अपेक्षित गंभीरता न बरतने के कारण 0.5 प्रतिशत Defect Liability (डिफेक्ट लायबिलिटी) लगाए जाने हेतु प्रबंध निदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)– लखनऊ को पत्र लिखे जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही साथ जल निगम (ग्रामीण) के उन अवर अभियंताओं के विरुद्ध विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया जिनके क्षेत्र से विगत तीन माह लगातार अत्याधिक शिकायतें दर्ज पाई गईं है।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) व परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

समस्त स0अ0/स्टेनो

3. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सड़क पुर्नस्थापना का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि जनपद हरदोई में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डालने हेतु फेज–3 के अंतर्गत कुल 1468 ग्रामों में 3863.38 किलोमीटर सड़क की कटिंग की गई थी जिसके सापेक्ष कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा कुल 3813.93 किलोमीटर सडक के पुर्नस्थापना का कार्य कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित जनपद के कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया

20/4/26

कि अवशेष बचे हुए सड़क पुर्नस्थापन के कार्य को अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्वक शत–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

4. समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जल निगम (ग्रामीण) के सभी सहायक अभियंता तथा अवर अभियंता अपने–अपने क्षेत्र के माननीय लोकसभा सदस्य तथा माननीय विधानसभा सदस्य से संपर्क कर उनसे उनके क्षेत्र से प्राप्त जल निगम (ग्रामीण) की शिकायतों की सूची प्राप्त कर तथा उसका निस्तारण करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– समस्त सहायक अभियंता व अवर अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हरदोई।)

5. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा PPT के माध्यम से कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत कुल 115 नग NON-CONFORMITIES (NC's) के सापेक्ष कुल 103 नग NON-CONFORMITIES (NC's) का निस्तारण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनुबन्धित संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड को निर्देश दिए गए कि अवशेष 12 नग NON-CONFORMITIES (NC's) का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

Digitally signed by
Navneet Singh
Date: 16-04-2026
17:32:24

(नवनीत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।

अनुमोदित

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 19-04-2026
15:22:34

जिलाधिकारी
हरदोई।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।

पत्रांक 1954 / का-70 / 717 दिनांक: 20/4/26

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, हरदोई।
2. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

20/04/2026

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।